Regarding need to introduce ropeway system for visiting Mundeshwari Dham-laid

श्री छेदी पासवान **(सासाराम):** बिहार राज्य के कैमूर जिला अंतर्गत मुण्डेश्वरी धाम में (भूतल से पहाड़ पर स्थित धाम तक) प्रस्तावित रोप-वे मार्ग का निर्माण अति आवश्यक हैं । ज्ञातव्य हो कि माँ मुण्डेश्वरी धाम 6 हजार वर्ष से भी पुराना तीर्थ स्थल है, जिनके दर्शनार्थ देश-विदेश के पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं । बताना चाहूंगा कि माँ मुण्डेश्वरी धाम पर प्रस्तावित रोप-वे के निर्माण हेतु मंत्रालय को पत्र के माध्यम से तथा सदन के माध्यम से भी अनुरोध किया गया है, परन्तु बिलम्ब के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाई हो रही है । रोप-वे के निर्माण से पर्यटकों मे काफी आकर्षण बढेगा एवं सरकार को राजस्व की प्राप्ति के साथ साथ काफी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार की भी संभावना बढ़ेगी । अतः सरकार से अनुरोध है, कि उपर्युक्त धरोहर पर पहुंचने के लिए रोपवे (झूलामार्ग) का निर्माण कराने हेतु पर्यटन मंत्रालय को निर्देशित किया जाए ।